RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 30 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 101 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : गणेश मंडल के लिए सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढा खोदा तो लगेगा 15 हजार दंड !**



Page - 2

# महाराष्ट्र के गांवों की होगी कायापलट...

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट में हुए ये अहम निर्णय

**महाराष्ट्र : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक में कुल 7 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान राज्य के गांवों का कायापलट करने के लिए कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री समृद्धि पंचायत राज अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 से चार स्तरों, तालुका, जिला, राजस्व विभाग और राज्य, पर ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति और जिला परिषदों के लिए 'मुख्यमंत्री समृद्धि पंचायत राज अभियान' पुरस्कार अभियान के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई।**



अभियान में पुरस्कारों के लिए प्रतिवर्ष 290 करोड़ 33 लाख रुपए का प्रावधान करने को भी मंजूरी दी गई। अभियान में 1,902 पुरस्कार दिए जाएंगे और अभियान की अवधि 17 सितंबर से 31 दिसंबर, 2025 तक होगी। कैबिनेट बैठक में राज्य के किसानों को कृषि उपज का उचित और वाजिब मूल्य सुनिश्चित करने हेतु 'ई-नाम' योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर निर्दिष्ट बाजारों की स्थापना को सुगम बनाने हेतु महाराष्ट्र कृषि उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1963 में संशोधन को मंजूरी दी गई है।

कृषि उपज बाजार समिति में कृषि उपज के व्यापार में आने वाली बाधाओं को कम करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें राज्य की 133 कृषि उपज बाजार समितियों में ई-नाम योजना लागू कर रही हैं। सरकार कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवों का एक कैडर बनाने की भी सिफारिश की गई है। ताकि सचिव इस कार्यालय के सीधे नियंत्रण में आकर सरकार और मंडी समिति के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य कर सकें और कृषि उपज मंडी समितियों पर प्रभाव को भी नियंत्रित कर सकें।

### ठाणे में अधिवक्ता अकादमी के लिए भूमि...

**कैबिनेट ने महाराष्ट्र और गोवा में लगभग दो लाख वकीलों का प्रतिनिधित्व करनेवाली महाराष्ट्र एंड गोवा अधिवक्ता परिषद, मुंबई को अधिवक्ता अकादमी स्थापित करने हेतु ठाणे जिले के कलवा क्षेत्र में भूमि उपलब्ध कराने के निर्णय को मंजूरी दी है। यह संस्था कानूनी वर्ग के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना, कानून में सुधारों को प्रोत्साहित करना, प्रशिक्षण कक्षाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों और गोष्ठियों के माध्यम से वकीलों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना, महिलाओं के लिए कानूनी शिविरों का आयोजन करना जैसी कई गतिविधियां संचालित करती है।**

## मुंबई : वाकोला ब्रिज पर गड्ढों के कारण यातायात धीमा



**मुंबई :** मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट किया, ''वाकोला ब्रिज पर उत्तर की ओर गड्ढों के कारण यातायात धीमा है।'' समस्या ट्वीट में टाइपिंग की गलती नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम का यह मानने से इनकार करना है कि यह फ्लाईओवर गड्ढों की खदान है। ट्रैफिक पुलिस पिछले कुछ समय से मुंबई की सड़कों की स्थिति पर ट्वीट कर रही है और यात्रियों को दिन भर समय पर अपडेट दे रही है। लेकिन पिछले तीन दिनों से, वाकोला फ्लाईओवर उनके सोशल मीडिया हैंडल पर दिन में कम से कम एक बार दिखाई दे रहा है। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बना यह फ्लाईओवर दक्षिण मुंबई से घरेलू हवाई अड्डे के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मानसून के दो महीने बीत जाने के बाद भी इस पर गड्ढे पड़ गए हैं, जिससे कई किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम हो गया है। इससे चंद्रप्रकाश लोहार का शेड्यूल गड़बड़ा गया है। समय की पाबंदी के पाबंद लोहार अब अपने बच्चों को उनके कार्यस्थल से लेने में लगातार देर कर रहे हैं। हालाँकि वह दोपहर में काम से लौटते समय कांदिवली से बांद्रा आते-जाते हैं, लेकिन समय पर वहाँ नहीं पहुँच पाते।

## सायन में बंद पड़े साइकिल ट्रैक के एक हिस्से को पे-एंड-पार्क सुविधा में बदलने का अपना फैसला बीएमसी ने वापस लिया...



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सायन में षणमुखानंद हॉल के सामने एक बंद पड़े साइकिल ट्रैक के एक हिस्से को पे-एंड-पार्क सुविधा में बदलने का अपना फैसला वापस ले लिया है। ऐसा ट्रैक के नीचे तानसा जल पाइपलाइन होने के कारण किया गया था। नगर निगम के हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग विभाग, जिसके पास जमीन का स्वामित्व है, ने जून में पे-एंड-पार्क प्रस्ताव के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया था। हालाँकि, विभाग के सर्वेक्षण अनुभाग ने अब इस परियोजना पर आपत्ति जताई है क्योंकि यह मुंबई को पेयजल आपूर्ति करने वाली भूमिगत पाइपलाइन के ऊपर की जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करती है।

बीएमसी के हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अदालत के आदेश के अनुसार, पानी की पाइपलाइन के ऊपर जमीन के दोनों ओर 10 मीटर के बफर क्षेत्र को किसी भी अतिक्रमण, जिसमें पार्क किए गए वाहन भी शामिल हैं, से मुक्त रखा जाना चाहिए। अधिकारी ने आगे कहा, ''नीचे की पाइपलाइन अतिरिक्त दबाव नहीं झेल सकती। हमने किसी भी संभावित खतरे से बचने के लिए पहले ही अतिक्रमण हटा दिए हैं। रखरखाव विभाग को हमारी सिफारिशें इन्हीं तथ्यों पर आधारित हैं।''

## संपत्ति विवाद में भाई ने की भाई की हत्या, ठाणे की कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में संपत्ति विवाद में एक ऑटो-रिक्शा चालक को को 5 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने ऑटो-रिक्शा चालक को उसके भाई की मौत के मामले में गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया और और यह सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि आरोपी पर लगाया गया एक लाख रुपये का जुमार्ना मृतक के निकटतम वैध उत्तराधिकारी को दिया जाए। उत्तराधिकारी उचित सत्यापन किया जाए और राशि प्रदान की जाए।

ठाणे के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस. बी. अग्रवाल ने 25 जुलाई को दिए गए आदेश में आरोपी महेंद्र सदाशिव करडक (59) पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई।

## ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, 12 लाख का MD जब्त, मुंबई से हो रहा था सप्लाई



**नासिक :** नासिक पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को एमडी (मेफेड्रोन) नामक नशीले पदार्थ बेचते हुए गिरफ्तार किया है। यह अपराधी पहले भी गंभीर अपराधों और दूसरे राज्यों से देसी कट्टे लाकर नासिक में बेचने के लिए जाना जाता था। पुलिस ने आरोपी को उसके एक साथी के साथ हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से लगभग एक लाख रुपये का 29.9 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक कार जब्त की गई है। इस मामले में नाशिक रोड पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एमडी ड्रग्स के अवैध कारोबार में कुख्यात अपराधियों की संलिप्तता ने पुलिस की भौंहें चढ़ा दी हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति राहुल संदीप सोनवणे (33, निवासी फर्नांडिसवाड़ी, जयभवानी रोड, नाशिक रोड) और केतन पांडुरंग पोले (25, निवासी जाचक माळा, जय भवानी रोड, नाशिक रोड) हैं।

कुख्यात अपराधी राहुल सोनवणे अपने साथी केतन पोले के साथ रविवार (27 जुलाई) शाम को जेलरोड से बिटको चौक की ओर जाने वाली सड़क के किनारे एमडी नशीले पदार्थ बेचने आया था। इसकी सूचना नासिक रोड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र सपकाले को मिलते ही, टीम ने जाल बिछाकर दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से 98 हजार रुपये का 29.9 ग्राम एमडी और ग्यारह लाख रुपये की कार सहित कुल 12 लाख 18 हजार 400 रुपये का माल जब्त किया गया।

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### ठोस पहल की जरूरत...

**नई मसौदा दूरसंचार नीति जो 2018 की राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति के सात साल के बाद आ रही है, उसके लक्ष्य और उद्देश्य महत्त्वाकांक्षी हैं। परंतु उसके सामने असल चुनौती क्रियान्वयन की रहेगी। वर्ष 2018 की नीति और उसके पहले की नीतियों के समक्ष भी यही चुनौती थी। मसौदा राष्ट्रीय दूरसंचार नीति-2025 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित 4जी, 5जी और ब्रॉडबैंड कवरेज लक्ष्यों को तय करने के अलावा रोजगार निर्माण को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया गया है। हालांकि यह निकट भविष्य में हासिल हो सकने वाले लक्ष्य सामने रखने में नाकाम रहा है। इस नीति के तहत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 2030 का वर्ष तय किया गया है जो अभी पांच साल दूर है। तकनीक दूरसंचार की रीढ़ है और वह बहुत तेजी से बदल रही है। ऐसे में इस नीतिगत दस्तावेज के लिए अल्पावधि के लक्ष्य तय करना अधिक महत्त्वपूर्ण है। जब अंशधारक अगले तीन सप्ताह के दौरान मसौदा नीति पर अपने विचार रखेंगे तो दूरसंचार क्षेत्र की कुछ हकीकतें उजागर होंगी। ऐसे में नीति निमार्ताओं को ऐसे लक्ष्य तय करने में मदद मिलेगी जो आकांक्षाओं और व्यवहार्यता के मिश्रण वाले हों।**

**यह मसौदा नीति दूरसंचार क्षेत्र में सालाना निवेश को दोगुना करके 1 लाख करोड़ रुपये करने तथा इस उद्योग में 10 लाख रोजगार तैयार करने की बात करती है। साथ ही, 10 लाख अन्य लोगों को नए सिरे से कौशल संपन्न बनाने, 90 फीसदी आबादी को 5जी के कवरेज में लाने और वर्ष2030 तक 10 करोड़ परिवारों को फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड के दायरे में लाने का लक्ष्य शामिल है। इसमें ग्रामीण इलाकों में फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इसके साथ ही दूरदराज तक संपर्क के लिए छोटे इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को मदद पहुंचाने की बात भी शामिल है। घरेलू दूरंसचार उपकरण विनिमार्ताओं को प्रोत्साहन और देश के दूरसंचार शोध एवं विकास व्यय को पांच साल में दोगुना करना भी प्रमुख लक्ष्यों में शामिल हैं। एक मिशन वक्तव्य के रूप में ये लक्ष्य सरकार की इच्छाओं की सूची को शामिल किए हुए हैं लेकिन अंतिम नीति में हितधारकों को अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए रोडमैप पर भी समान रूप से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए मसौदा नीति साइबर हमलों और भ्रामक सूचना अभियानों को रोकने में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल का संक्षिप्त उल्लेख करती है। परंतु दूरसंचार क्षेत्र में नौकरियों के संबंध में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा नहीं करती। यह दो कंपनियों के दबदबे की बहस या उद्योग के केवल प्रमुख कंपनियों तक सीमित हो जाने के जोखिम और उपभोक्ताओं पर इसके प्रभाव को लेकर भी कुछ नहीं कहती है।**

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : गणेश मंडल के लिए सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढा खोदा तो लगेगा 15 हजार दंड !

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने गणेश मंडलों को मंडप बनाने के दौरान सीमेंट कंक्रीट रोड की खुदाई करने पर रोक लगाई है। मंडल को सीमेंट कंक्रीट रोड पर टीन के डिब्बे में मिट्टी भर कर मंडप बनाया जाए जिससे सड़क पर गड्ढे नहीं हों। मनपा प्रशासन ने इसी के चलते सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढा खोदने पर लगने वाला दंड भी 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रति गड्ढा कर दिया।



बता दें कि मनपा प्रशासन ने मुंबई में सड़क को गड्ढा मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सीमेंट कंक्रीट करने का निर्णय लिया। मुंबई में आज मुख्य रास्ते छोड़कर अंदर की सड़कों को भी सीमेंट कंक्रीट किया जा रहा है। इन सड़कों पर दोबारा खुदाई न हो इसके लिए मनपा ने कठोर नियम बना रही है। मनपा ने गणेशोत्सव के दौरान सड़कों पर बनने वाले मंडपों को भी किसी तरह की खुदाई करने पर रोक लगाई है। मनपा प्रशासन ने गणेश मंडलों के लिए नई गाइड लाइन जारी करते हुए कहा है कि सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढे किए तो 15 हजार प्रति गड्ढा दंड लगेगा। मनपा अभी तक गणेश मंडलों पर प्रति गड्ढे का 2 हजार का दंड लगाती थी। मनपा अधिकारियों ने बताया कि पहले का जुमार्ना ज्यादा प्रभावशाली नहीं था क्योंकि अधिकांश मंडल सार्वजनिक होने के कारण और गणेशोत्सव त्यौहार धार्मिक होने के कारण उन पर दंड नहीं लगाया जा सकता था। मनपा का कहना है कि सीमेंट कंक्रीट रोड बनाने का खर्च डांबर के रोड से काफी अधिक है। कंक्रीट सड़कें दोबारा बनाने का खर्च भी अधिक होगा, जिसके चलते दंड बढ़ाया जा रहा है।

**मनपा के निर्णय का समिति ने किया विरोध**

मनपा प्रशासन ने इसीलिए अनधिकृत खुदाई को रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। गणेश मंडलों की सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति ने मनपा के इस निर्णय का विरोध किया है। समिति ने मांग की है कि पंडाल निर्माण के लिए जमीन में गड्ढे खोदने पर लगाया गया 15,000 का नया जुमार्ना वापस लिया जाए। समिति ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी शुल्क शुल्क और टैक्स माफ किए थे। इसलिए वर्तमान सरकार को भी वही करना चाहिए। साथ ही समिति ने गणेशोत्सव को हाल ही में मिले ''राज्य महोत्सव'' के दर्जे का हवाला भी दिया। समिति ने गणेश मंडलों से भी कहा है। कि संभव हो सके तो सीमेंट कंक्रीट रोड पर खुदाई न करें। सीमेंट कंक्रीट रोड पर मंडप बनाने के दौरान नई तकनीकी का उपयोग करें, जिससे बिना गड्ढे मंडप बनाया जा सकें।

# नायगांव : देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ !



**नायगांव :** मीरा-भायंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंधक इकाई (AHTU) ने एक बड़े अभियान में बांग्लादेश से तस्करी कर लाई गईं दो लड़कियों को देह व्यापार के चंगुल से मुक्त कराया है। इस कार्रवाई में तीन बांग्लादेशी दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को 26 जुलाई को एक गुप्त सूचना मिली थी कि नायगांव, वसई (पूर्व) स्थित रश्मी स्टार सिटी में कुछ दलाल बांग्लादेशी लड़कियों से जबरन देह व्यापार करवा रहे हैं। इन दलालों की पहचान मोहम्मद खालिद बापरी, जुबेर हारुन शेख और शमीम गफ्फार सरदार के रूप में हुई है। ये दलाल ग्राहकों से प्रति ग्राहक 5,000 वसूलते थे, जिसमें वेश्यावृत्ति का शुल्क, कमीशन और कमरे का किराया शामिल था। चौंकाने वाली बात यह है कि ये दलाल खुद भी लड़कियों को इस अवैध धंधे में धकेलते थे। सूचना पर, पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक फर्जी ग्राहक, दो गवाहों और एक दुभाषिए के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान यह खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी खालिद, शमीम और जुबेर ने मिलकर बांग्लादेश से लड़कियों की तस्करी की और उन्हें जबरन देह व्यापार जैसे जघन्य अपराध में धकेला। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल तीन मोबाइल हैंडसेट जब्त कर लिए हैं। मुक्त कराई गई नाबालिग लड़की और युवती को 'रेस्क्यू फाउंडेशन' में सुरक्षित आश्रय दिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है।

# बांद्रा में गुरुवार को नहीं आएगा पानी, खार में भी धीमी गति से होगी सप्लाई

**बांद्रा :** हिल जलाशय के इनलेट और आउटलेट पर लगे चार वाल्व को बदलने का निर्णय लिया है। जल विभाग के इस कार्य के दौरान बांद्रा में पानी सप्लाई बंद रहेगी, जबकि खार में धीमी गति से पानी की सप्लाई होगी। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है कि गुरुवार को पाली हिल जलाशय पर होने वाला कार्य सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक यानी कुल 14 घंटे तक चलेगा। इस दौरान एच पश्चिम वार्ड के इन इलाकों हनुमान नगर, लक्ष्मी नगर यूनियन पार्क रोड क्रमांक 1 से 4, पाली हिल और चुईम गांव का कुछ भाग, नरगिस दत्त मार्ग, पद्मश्री देव आनंद मार्ग (जिगजैग रोड) पाली माला मार्ग आदि इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि खार में आने वाले यह इलाके पेरी क्षेत्रः कांतवाडी पाली नाका, पाली गांव, शेरली, राजन और माला गांव, खारदांडा कोलीवाड़ा, चुईम गांव, गझधरबंध झोपड़पट्टी इन इलाकों में धीमी गति से पानी की सपलाई होगी। मनपा ने संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवधि के लिए आवश्यक मात्रा में पानी का भंडारण कर लें और पानी बंद रहने के दौरान उसका संयमपूर्वक उपयोग करें।



# ठाणे : मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने के बाद लापता 3 मछुआरों के शव अलीबाग के अलग-अलग स्थानों पर बहकर आए...

**ठाणे :** रायगढ़ तट से दूर अरब सागर में तुलजाई मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने के बाद लापता हुए तीन मछुआरों के शव अलीबाग तटरेखा के साथ अलग-अलग स्थानों पर बहकर आए। मृतकों की पहचान नरेश राम शेलार, 36, और मुकेश यशवंत पाटिल, 35, के रूप में हुई है, दोनों रायगढ़ के आप्टा के निवासी हैं। धीरज काशीनाथ कोली, 35, करंजे के निवासी थे। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को लगभग 10.45 बजे, शेलार का शव सासावने बीच पर स्थित था। इसके तुरंत बाद, कोली का शव दिघोडी



बीच पर मिला। सुबह 11.05 बजे तक, पाटिल का शव कामत बीच पर स्थित था।

यह घटना शनिवार की सुबह आठ मछुआरों द्वारा राज्यव्यापी मछली पकड़ने पर लगे प्रतिबंध को धता बताते हुए उरण के करंजदे बंदरगाह से समुद्र में जाने के बाद हुई। उनमें से पाँच तैरकर सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे और उन्होंने तुरंत तटीय अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद रायगढ़ पुलिस, भारतीय तटरक्षक बल और स्थानीय मछुआरों की मदद से एक बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, ''थर्मल और नाइट विजन क्षमता वाले ड्रोन तैनात किए गए थे, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम और अशांत समुद्र के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही थी।''

# मुंबई : मनपा ने समुद्र के पानी को मीठा करने को फिर से निकाला टेंडर...

## वसोर्वा में लगेगा समुद्र का पानी मीठा करने का प्रोजेक्ट

**मुंबई :** बढ़ती लोकसंख्या के कारण आने वाले दिन में पानी की बड़ी समस्या होने वाली है। बारिश नहीं होने पर पानी की समस्या और बढ़ सकती है। पानी की समस्या से निपटने के लिए मनपा ने समुद्र के पानी को मीठा करने का निर्णय लगभग पांच साल पहले लिया था। मनपा ने समुद्र का पानी मीठा करने के लिए उसकी फिसबिल्टी रिपोर्ट भी तैयार की और टेंडर भी किया। इसी बीच राजनीतिक विवाद के चलते मनपा ने इस प्रोजेक्ट को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया था। केंदीय मंत्री पीयूष गोयल के उत्तर मुंबई से सांसद चुने जाने के बाद इस प्रोजेक्ट की जरूरत को देखते हुए दोबारा इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का



निर्देश दिया। मनपा ने इसी के चलते समुद्र का पानी मीठा करने का दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। मनपा ने इस बार मनोरी की जगह वसोर्वा में समुद्र का पानी मीठा करने का प्लांट शुरू करने का निर्णय लिया है।

बता दे कि मनपा ने वसोर्वा में समुद्र का पानी मीठा करने का प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए ईओआई मंगाया है। मनपा पहले मनोरी में 200 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई थी लेकिन यह प्रोजेक्ट पिछले 18 महीनों से विभिन्न कारणों से अटका हुआ था और मनपा ने पूरी तरह इस प्रोजेक्ट को रद्द करने का ही निर्णय लिया था। मनपा अब वसोर्वा में 200 एमएलडी क्षमता वाला प्लांट लगाने की तैयारी शुरू की है। और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभकर दी गई है। मनोरी प्लांट में हो रही देरी के बावजूद मनपा वसोर्वा में दूसरा प्लांट शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट कुछ समय में शुरू होगा और इसमें निजी निवेश तथा तकनीकी कौशल का उपयोग किया जाएगा। जिससे मनपा पर आर्थिक भार कम होगा।

# वसई में ऑनलाइन गेम के लिए सौतेले बेटे ने की मां की हत्या !

**वसई :** वसई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां ऑनलाइन गेम के लिए पैसों को लेकर हुए विवाद में एक 32 वर्षीय सौतेले बेटे ने अपनी 61 वर्षीय मां की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध में उसके 65 वर्षीय पिता ने सबूत मिटाने में उसकी मदद की। क्राइम ब्रांच 2 ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला तब सामने आया जब 26 जुलाई, को वसई पश्चिम स्थित पेरियार अपार्टमेंट निवासी आसिया खुसरू अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गईं। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनके पति और अन्य रिश्तेदारों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कर दिया था, जिससे संदेह गहरा गया।



क्राइम ब्रांच 2 के प्रभारी अधिकारी, पुलिस निरीक्षक समीर अहिरराव को एक गोपनीय रिपोर्ट से जानकारी मिली कि यह कोई सामान्य मृत्यु नहीं, बल्कि एक हत्या थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, अहिरराव ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनकी अनुमति के बाद घटनास्थल का दौरा किया।

पुलिस ने मृतक महिला के रिश्तेदारों और अन्य गवाहों से पूछताछ की, साथ ही घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच के दौरान, पुलिस ने मृतक महिला के सौतेले बेटे मोहम्मद इमरान अमीर खुसरू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पहले वो पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन गहन पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूला। इमरान ने बताया कि उसे ऑनलाइन गेम खेलने के लिए 1,80,000 की आवश्यकता थी। सौतेली माँ आसिया से पैसे मांगे, जब उन्होंने इनकार किया, तो वह गुस्से में आ गया और माँ का सिर रसोई से दालान की ओर जाने वाले रास्ते में वॉशबेसिन के पास दीवार के कोने पर पटक कर और उनके चेहरे पर लात मारकर उनकी हत्या कर दी। बाद में इमरान ने मृतक के शयनकक्ष में रखी अलमारी से 2 सोने की चूड़ियाँ और एक सोने की चेन भी चुरा ली।

# कोंकण, घाटमाथा, विदर्भ में भारी बारिश का अलर्ट... अन्य हिस्सो में होगी हल्की वर्षा

**महाराष्ट्र :** राज्य में जारी बारिश की तीव्रता कुछ कम हुई है। कोंकण, घाटमाथा और मध्य महाराष्ट्र के बांध क्षेत्रों में बारिश हो रही है। आज मौसम विभाग ने कोंकण, घाटमाथा और विदर्भ में भारी बारिश की संभावना के चलते येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के बाकी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास एक निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय है। समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई तक चक्रवाती हवाएं चल रही हैं।

मानसून पर केंद्रित एक निम्न दाब क्षेत्र गंगानगर, झुंझुनू, पटना, डाल्टनगंज, पुरुलिया से लेकर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। गुजरात से उत्तरी केरल तक तट के समानांतर बना निम्न दाब क्षेत्र कम हो गया है। सोमवार सुबह तक 24 घंटों में कोंकण, घाटमाथा और मध्य महाराष्ट्र के बांध क्षेत्रों में तेज बारिश जारी रही। हालांकि राज्य के बाकी हिस्सों में बारिश कम हो गई है, लेकिन धूप-छांव और बादलों के बीच बीच-बीच में बौछारें पड़ रही हैं। घाटमाथा के तामिनी और शिरगांव में सबसे ज्यादा 170 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### विदर्भ में भारी बारिश की संभावना

रविवार को पूरे दिन राज्य में बारिश होती रही। हालांकि बादल छाए रहने और बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आई



है, फिर भी हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर पारा 30 डिग्री से नीचे चला गया है, दहानू में राज्य में सबसे ज्यादा तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज रायगढ़, रत्नागिरी, पुणे घाटमाथा, सतारा घाटमाथा, अमरावती, वर्धा, नागपुर, भंडारा, चंद्रपुर जिलों में भारी बारिश की संभावना के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के बाकी हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

**मुंबई में बढ़ेगी बारिश की तीव्रता**

मुंबई में पिछले 3-4 दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण लोकल सेवाएं और समग्र परिवहन व्यवस्था काफी हद तक बाधित हुई है। कई इलाकों में जलभराव के कारण व्यवधान उत्पन्न हुआ है और कुछ रेलवे लाइनों पर ट्रेनें देरी से चल रही हैं। हालांकि, आज अन्य दिनों के विपरीत भारी बारिश की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, मुंबई में आज हल्की बारिश होने की संभावना है। नवी मुंबई और ठाणे क्षेत्रों में आज मध्यम बारिश का अनुमान है। फिलहाल कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन दोपहर के बाद कुछ जगहों पर बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। इसलिए, प्रशासन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे अपने साथ छाता रखें और बहुत जरूरी होने पर ही बाहर निकलें।

**कई राज्यों में ऑरेंज-यलो अलर्ट**

**ऑरेंज अलर्ट वाले राज्य:** उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पूर्वी गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, तटीय और दक्षिणी कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा

**यलो अलर्ट वाले राज्य:** जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिमी गुजरात, कोंकण और गोवा, उत्तरी कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल

# दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत !

**भिवंडी :** भिवंडी के ग्रामीण क्षेत्र स्थित खूनी खाड़ीपार रोड पर रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संकेश पंडरीनाथ पाटिल उर्फ 'गोट्या' के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संकेश रोज की तरह रविवार रात करीब 8:30 बजे अपनी ळश्र ठ३ङ्ख१८ बाइक से भिवंडी शहर की ओर जा रहा था। जब वह खोणी गांव, तालाब के पास पहुंचा, तो सामने चल रहे एक आयशर ट्रक के अचानक ब्रेक लेने से वह ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक के पिछले हिस्से से 'टकराने के कारण संकेश को सिर में गंभीर चोटें आईं और वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया।




घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंच गए। वहीं, भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले और भाजपा शहर अध्यक्ष रवि सावंत ने भी अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। घटना की गंभीरता को देखते हुए निजामपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संकेश की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी बेहद मार्मिक है। उसके चाचा निःसंतान थे, इसलिए संकेत के पिता ने उसे अपने भाई को गोद दे दिया था।

# मंदिर से लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी :** ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में स्थित एक जैन मंदिर से लाखों रुपये की चोरी की गुत्थी को शांतिनगर पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया पूरा माल बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मंदिर चोरी के तीन मामले दर्ज हैं। घटना 25 जुलाई की रात करीब 2 बजे से 26 जुलाई की सुबह 8 बजे के बीच की है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अशोक नगर स्थित एक जैन



मंदिर में घटी। अज्ञात चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर से रखे चांदी व पीलत के बर्तन सामग्री कुल 1.85 लाख रुपए के मुद्देमाल चुराए। मंदिर के ट्रस्टी शांतीलाल मुरग गडा द्वारा घटना की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (4), 305 (ड) के तहत मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध आरोपी सार्किब उर्फ सलमान अख्तर अंसारी को हिरासत में लिया, जो भिवंडी के अजय होटल, जब्बार कंपाउंड इलाके का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने मंदिर से चोरी की बात कबूली। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पेशेवर चोर है और पहले भी तीन मंदिरों में चोरी कर चुका है।

# ठाणे और नागपुर की केंद्रीय जेलों को दूरदराज के इलाकों में स्थानांतरित किया जाएगा

**मुंबई :** ठाणे और नागपुर की दो केंद्रीय जेलों को जल्द ही इमारतों के पुनर्विकास और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए दूरदराज के इलाकों में स्थानांतरित किया जाएगा। राज्य सरकार ने ठाणे जेल को भिवंडी के अमानेगांव में 50 एकड़ के भूखंड पर और नागपुर जेल को चिंचोली गांव में 180 एकड़ के भूखंड पर स्थानांतरित करने का फैसला किया है, जो अपने मौजूदा स्थान से 20 किलोमीटर दूर है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा एक सप्ताह पहले दोनों जेलों को स्थानांतरित करने की हरी झंडी दिए जाने के बाद, गृह विभाग ने अब कैदियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए, नए मानदंडों के अनुसार, नई जेलों के निर्माण के लिए 70 एकड़ से अधिक की उपयुक्त भूमि का उपयोग सुनिश्चित करके जेलों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने ठाणे जेल में एक संग्रहालय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है अधिकारी ने कहा, ''यह 20 एकड़ से ज्यादा के भूखंड पर स्थित



एक विरासत संरचना है, इसलिए इसे ध्वस्त नहीं किया जा सकता और न ही वहाँ कोई नया ढांचा बनाने की योजना बनाई जा सकती है।

स्थानीय प्रशासन ने हमें भिवंडी के पिसे गाँव में 50 एकड़ का भूखंड देने की पेशकश की है। हमने केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए नए मानदंडों के अनुसार, एक आधुनिक जेल बनाने के लिए अतिरिक्त 22 एकड़ जमीन मांगी है। विभागों के बीच, भूखंडों झ्र मौजूदा और जेल के लिए नए प्रस्तावित झ्र को सौंपने में कम से कम एक साल लगेगा, उसके बाद ही वास्तविक निर्माण शुरू होगा।'' सौंदर्यीकरण परियोजना के लिए नागपुर जेल को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया है। जेल विभाग के एक अन्य अधिकारी ने कहा, ''राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, जो नागपुर के संरक्षक मंत्री भी हैं, ने हाल ही में मंत्रालय में एक बैठक की और नागपुर शहर के बाहरी इलाके में 80 एकड़ जमीन देने की पेशकश की है।'' मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, विकास परियोजनाएँ तो एक लक्ष्य हैं, लेकिन जेलों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव उनके आसपास की इमारतों के पुनर्विकास के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। ''जेल की बाहरी दीवारों के 150 मीटर के दायरे में कोई भी भवन निर्माण नहीं किया जा सकता है और अतिरिक्त 20 मीटर को बफर जोन के रूप में बनाए रखने की आवश्यकता है। ठाणे जेल अवैध ढाँचों से घिरी हुई है, और इन भूखंडों पर ऊँची इमारतों के प्रस्ताव गृह विभाग की मंजूरी लिए बिना ही सीधे मंजूरी के लिए लाए जाते हैं,'' अधिकारी ने कहा।

# मुंबई : रेलवे यात्रा करते समय मरने वाले 26,547 लोगों में से केवल 1,408 के परिवारों को मुआवजा

**मुंबई :** पिछले 10 वर्षों में मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर यात्रा करते समय मरने वाले 26,547 लोगों में से केवल 1,408 के परिवारों को मुआवजा दिया गया है।



हाल ही में कार्यकर्ता गॉडफ्रे पिमेंटा द्वारा भारतीय रेलवे से सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी से यह बात सामने आई। मुंबई की जीवन रेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेनों में प्रतिदिन 70 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। ये मौतें अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण होती हैं - जैसा कि 9 जून को हुआ था जब मुंब्रा स्टेशन के पास दो भीड़भाड़ वाली ट्रेनें एक-दूसरे के पास से गुजरीं, जिससे पांच लोग गिर गए और उनकी जान चली गई - या यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की जगह में फंस गए। गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पटरी पार करना या भगदड़, जैसा कि 29 सितंबर, 2017 को एल्फिंस्टन रोड रेलवे स्टेशन पर हुआ था, जिसमें 22 लोग मारे गए थे मुंबई की तीनों रेलवे लाइनों पर ऐसी घटनाओं में औसतन हर दिन कम से कम आठ लोगों की मौत होती है, जो आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि एक कोच में 1,800 यात्री भरे होते हैं झ्र जो उसकी वास्तविक क्षमता से दो से तीन गुना ज्यादा है।

हालांकि, पिछले एक दशक में मृतकों के परिवारों के एक छोटे से हिस्से को ही रेलवे से मुआवजा मिला है। एक परिवार को दिया जाने वाला अधिकतम मुआवजा ₹8 लाख है। रेलवे ने 1 जनवरी, 2015 से 31 मई, 2025 के बीच 1,408 मृत यात्रियों के परिवारों को ₹103.71 करोड़ का भुगतान किया है, जबकि इस अवधि में 494 घायलों को ₹14.24 करोड़ की वित्तीय सहायता मिली है। यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करने वाली संस्था, मुंबई रेलवे प्रवासी संघ के उपाध्यक्ष सिद्धेश देसाई ने कहा, ''ये दुखद मौतें सिर्फ. आँकड़े नहीं हैं झ्र ये यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों की व्यवस्थागत उपेक्षा को दशार्ती हैं। बेहतर बुनियादी ढाँचे और प्रशासन से इन्हें रोका जा सकता है।''

# मुंबई : आवश्यक अनुमति के बिना चल रहा था स्कूल

## 10 दिनों के भीतर इमारत ध्वस्त करने का निर्देश

**मुंबई :** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को एम-ईस्ट वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल, जो आवश्यक अनुमति के बिना चल रहा था, को बंद करने और 10 दिनों के भीतर स्कूल की इमारत को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ स्कूल चलाने वाली अब्राहम एजुकेशन सोसाइटी द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सोसाइटी ने बीएमसी द्वारा 10 जून, 2025 को जारी किए गए एक विध्वंस नोटिस को चुनौती दी थी।



2016-17 से 400 से अधिक छात्रों के साथ चल रहे इस स्कूल के पास न तो उस भवन के लिए कोई नियोजन अनुमति थी जहाँ से यह संचालित हो रहा था, और न ही संस्थान की स्थापना के लिए शिक्षा विभाग से कोई अनुमति थी। सोसाइटी ने अपनी याचिका में कहा कि स्कूल की स्थापना और संचालन की अनुमति मांगने का उसका प्रस्ताव विचाराधीन है। न्यायालय ने एक विस्तृत आदेश पारित किया, जिसमें सोसाइटी को स्कूल को तुरंत सील करने और इसके बंद होने के बारे में एक हलफनामा रिकॉर्ड में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। इसने सोसाइटी को सभी छात्रों और संबंधित अधिकारियों को बंद होने के बारे में सूचित करने और किसी भी अन्य छात्र को प्रवेश न देने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा, ''इससे ज्यादा चौंकाने वाली स्थिति और कुछ नहीं हो सकती। एक अनधिकृत स्कूल, और वह भी ऐसे अवैध परिसर में, बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एक अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा, यह एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है।'' जवाब में, राज्य सरकार और बीएमसी ने उसी दिन अदालत में हलफनामा दायर किया।

# मीरा भायंदर शहर में रास्तों की दुर्दशा...

**भायंदर :** मीरा भायंदर शहर में रास्तों की दुर्दशा और उसमें बने गड्ढों की वजह से होने वाली दुर्घटना एवं मानसून में अधूरे पड़े सड़कों की वजह से आम जनता को होने वाली असुविधा पर मनपा आयुक्त तत्काल ध्यान दे और उचित कार्रवाई करें ऐसी मांग भाजपा नेता मीरा भायंदर (145) विधानसभा चुनाव प्रभारी एड. रवि व्यास ने की है। आयुक्त राधाविनोद शर्मा को लिखे पत्र में रवि व्यास ने बताया की मीरा भायंदर शहर के अनेक रास्तों की अवस्था एकदम खराब हो चुकी है, सड़कों पर बने बड़े बड़े गड्ढों की वजह से आम



नागरिक, विद्यार्थी, अपने रोजगार पर जाने वाले लोगों, एम्बुलेंस सेवा और आवाजाही वाली गाड़ियों को बड़ी परेशानी का

सामना करना पड़ता है और ये गड्ढे दुर्घटना का कारण भी बन रहे है जिससे लोगों के जानमाल का भी नुकसान हो रहा है। रवि व्यास ने ये भी माना की फिलहाल शहर में मेट्रो के काम के चलते भी कई जगहों पर एमएमआरडीए द्वारा किये गए अधूरे काम भी इसकी एक प्रमुख वजह है लेकिन इन सबके बावजूद नागरिकों को राहत देना मनपा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे में आयुक्त स्वयं इसका संज्ञान लेते हुए जो रास्ते मनपा के अधीन है उन पर तुरंत पैच वर्क कर उसे दुरुस्त किया जाए और एमएमआरडीए एवं मेट्रो के ठेकेदारों को पत्र लिखकर फिलहाल अस्थायी और फिर स्थायी स्तर पर काम किया जाए। रवि व्यास की मांग है की इसके लिए एक निर्धारित समय सीमा में एक्शन प्लान तैयार किया जाए एवं आयुक्त खुद फील्ड पर जाकर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और हेल्पलाइन के जरिये मिल रही जानकारी और शिकायतों पर तुरंत निदान करें।

# पाम बीच रोड पर मर्सिडीज-बेंज अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उनमें से एक गंभीर रूप से घायल

**मुंबई :** मनोरम पाम बीच रोड पर देर रात की एक मौज-मस्ती भरी यात्रा दो युवकों के लिए लगभग त्रासदी में बदल गई जब उनकी मर्सिडीज-बेंज अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना वाशी के पास सुबह लगभग 2 बजे हुई जब सेक्टर 50, सीवुड्स निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद सलमान शेख अपने पिता की सफेद मर्सिडीज-बेंज (MH-02-FN-1206) में कथित तौर पर तेज गति से गाड़ी चला रहे थे, और उनकी 19 वर्षीय दोस्त मोहम्मद सूफि यान शेख उनकी सीट पर बैठे थे। वे वाशी की ओर ड्राइव करने जा रहे थे, तभी गाड़ी एक फिसलन भरे रास्ते से टकरा गई। नेरुल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक ब्रह्मा नाइकवाड़ी ने कहा, ''सलमान स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा, डिवाइडर से टकरा गया और कार बेलापुर की ओर जाने वाली विपरीत लेन में पलट गई।'' पाम बीच रोड पर गति सीमा 60 किमी प्रति घंटा है - जिससे वाहन की अनुमानित गति कानूनी सीमा से तीन गुना ज्यादा हो गई।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com